यूटीयू ● द्वितीय वर्ष में प्रवेश के लिए होगी आनलाइन काउंसलिंग, शेष पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया 26 जून से

# बीटेक एवं बीफार्मा लैटरल एंट्री की काउंसलिंग 16 जून से

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कैंपस संस्थानों, राजकीय कालेज, स्ववित्तपोषित संस्थान एवं कालेज आफ टेक्नोलाजी जीबी पंत विश्वविद्यालय पंतनगर में बीटेक व बीफार्मा पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो रही है। इसके तहत लैटरल एंट्री के माध्यम से द्वितीय वर्ष में प्रवेश के लिए आनलाइन काउंसलिंग 16 जून से शुरू होगी। यूटीयू के शेष पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया 26 जून से शुरू होगी। लैटरल एंट्री की आनलाइन काउंसलिंग तीन चरणों में होगी।

यूटीयू के कुलसचिव प्रो. सत्येंद्र सिंह ने बताया कि पूरी काउंसलिंग आनलाइन माध्यम से ही होगी। छात्र-छात्राएं इस बारे में विस्तृत जानकारी विवि की वेबसाइट www.uktech.ac.in पर ले सकते हैं। अभ्यर्थियों को काउंसलिंग शुल्क दो हजार रुपये आनलाइन ही जमा करना होगा। उन्होंने सलाह दी कि अभ्यर्थी जहां प्रवेश लेना चाहते हैं, वरीयता क्रम में उसके लिए सभी विकल्प भरें। आनलाइन काउंसलिंग तीन विकल्प फ्रीज, फ्लोट और विदड्रा पर आधारित होगी।

**लैटरल एंट्री में ऐसे ले सकते हैं प्रवेश:** लैटरल एंट्री के तहत जिन्होंने पालीटेक्निक या अन्य संस्थानों से इंजीनियरिंग व फार्मेसी में डिप्लोमा और डिग्री की पढ़ाई पूर कर ली और वह बीटेक व बीफार्मा करना चाहते हैं। ऐसे छात्र-छात्राओं को सीधे बीटेक द्वितीय वर्ष में प्रवेश मिलता है।

**02** हजार रुपये शुल्क अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के लिए आनलाइन जमा करना होगा

### बीटेक की काउंसलिंग का कार्यक्रम

**प्रथम चरण**

- 16 जून से 20 जून तक काउंसलिंग फीस जमा होगी।
- 16 जून से 21 जून तक आनलाइन रजिस्ट्रेशन व च्वाइस लाक।
- 26 जून को सीट आवंटन और 27 से 30 जून तक आवंटित कालेज मे प्रवेश लेना होगा।

**दूसरा चरण**

- 03 से 04 जुलाई तक काउंसलिंग फीस जमा होगी।
- 03 से 05 जुलाई तक आनलाइन रजिस्ट्रेशन व च्वाइस लाक करनी होगी।
- 10 जुलाई को सीट आवंटन और 11 से 15 जुलाई तक आवंटित कालेज में प्रवेश।

**तीसरा चरण**

- 16 से 17 जुलाई तक काउंसलिंग फीस जमा होगी।
- 17 से 19 जुलाई आनलाइन रजिस्ट्रेशन व च्वाइस लाक करनी होगी।
- 24 जुलाई को सीट आवंटन और 25 से 29 जुलाई तक आवंटित कालेज मे प्रवेश।

## आज से प्रदेश में होंगी इग्नू की जून सत्र की परीक्षाएं

**11,818** परीक्षार्थी होंगे स्नातक और स्नातकोत्तर में शामिल

**19** जुलाई तक चलेंगी इग्नू की जून की सत्रांत परीक्षाएं, बिना हाल टिकट भी दे सकेंगे परीक्षा



जागरण संवाददाता, देहरादून : इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की जून की सत्रांत परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो रही हैं, जो 19 जुलाई तक चलेंगी। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए जिन शिक्षार्थियों ने फार्म भरा था, वे इग्नू के समर्थ स्टूडेंट पोर्टल से अपना हाल टिकट एवं आइडी कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। शिक्षार्थी लिंक https://ignou.samarth.edu.in से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

इग्नू के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डा. अनिल कुमार डिमरी ने बताया कि देहरादून केंद्र के अंतर्गत उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में कुल 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों में कुल 11,818 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिला देहरादून में चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें डीएवी पीजी कालेज देहरादून, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोईवाला, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर एवं सीबीटी मोड में परीक्षा के लिए राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान निरंजनपुर शामिल हैं। देहरादून के अलावा उत्तरकाशी, अगस्त्यमुनि, गोपेश्वर, श्रीनगर, कोटद्वार, नैनीताल, हल्द्वानी, रुद्रपुर, काशीपुर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चंपावत और बागेश्वर में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

परीक्षा केंद्रों को निर्देश दिया गया है कि छात्रों के पास हाल टिकट न होने पर भी छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाए, जिसके लिए इन केंद्रों को उपलब्ध परीक्षार्थियों की सूची/उपस्थिति पत्रक में उनके नाम मौजूद होना अनिवार्य है।

### दून विवि के हिंदू अध्ययन केंद्र में स्नातकोत्तर में प्रवेश प्रारंभ

देहरादून: दून विश्वविद्यालय के हिंदू अध्ययन केंद्र में एमए हिंदू स्टडीज में प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। स्नातकोत्तर की 20 सीटों के लिए अभ्यर्थी नौ जुलाई तक विवि की वेबसाइट www.doonuniversity.ac.in पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विवि के सेंटर फार हिंदू स्टडीज के समन्वयक प्रो. एससी पुरोहित ने बताया कि दो वर्षीय पाठ्यक्रम में चार सेमेस्टर होंगे। पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा, दर्शन, धर्म, समाज, संस्कृति एवं अध्यात्म पर गहन अध्ययन, नैतिक मूल्य, मानव व्यवहार, प्रशासन, साहित्य, मनोविज्ञान, लोककला, संस्कृति भाषा एवं रीति-रिवाज से संबंधित विषयों की पढ़ाई होगी। प्रवेश लेने के लिए सामान्य श्रेणी के छात्रों के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त विवि से किसी भी विषय में 50 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक अनिवार्य, जबकि अनुसूचित जाति-जनजाति के छात्रों के लिए 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक जरूरी है।

## श्रीदेव सुमन विवि के पोर्टल पर 15 जून तक अपलोड करने होंगे प्राप्तांक

जागरण संवाददाता, देहरादून: श्री देव सुमन उत्तराखंड विवि से संबद्ध समस्त राजकीय, सहायता प्राप्त अशासकीय कालेज एवं स्ववित्तपोषित संस्थान जिन्होंने सेमेस्टर परीक्षा, मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक अभी तक विवि के पोर्टल पर अपलोड नहीं किए हैं, उन्हें विवि ने 15 जून तक अपलोड करने का अंतिम मौका दिया है। विवि ने प्राप्तांक को अपलोड करने के लिए पोर्टल को खोल दिया है।

विवि के परीक्षा नियंत्रक डा. सीएस नेगी ने बताया कि विवि से संबद्ध कई संस्थानों ने अभी तक सम सेमेस्टर के द्वितीय, चतुर्थ सवं षष्ठम सेमेस्टर के अलावा मौखिक और प्रयोगात्मक परीक्षाओं के प्राप्तांक अभी तक विवि के समर्थ पोर्टल www.sdsuv.samarth.sdu.in पर अपलोड नहीं किए हैं। सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित करने में अनावश्यक विलंब होने की संभावना है। ऐसे में संबंधित संस्थानों के निदेशक, प्राचार्य को निर्देशित किया गया है कि सेमेस्टर परीक्षा के प्राप्तांक समय पर अपलोड करें। निर्धारित तिथि तक यदि अंक अपलोड नहीं किए गए तो आगे पोर्टल नहीं खोला जाएगा।